सड़क हादसे में घायल सब्जी विक्रेता की गयी जान

पिकअप अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरायी, बड़े भाई को खोने से परिवार में मचा कोहराम

कोरांव। शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में घायल सब्जी विक्रेता शिव सोनकर उर्फ काजू (३५) की शनिवार दोपहर एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

नगर पंचायत कोरांव के आजाद नगर मोहल्ला निवासी शिव सोनकर पुत्र नंदलाल की कोरांव सब्जी मंडी में दुकान थी। वह छोटे भाई मुकेश के साथ कारोबार संभालता था। शुक्रवार रात वह पिकअप से सब्जी लेने मुंडेरा मंडी प्रयागराज जा रहा था। भीरपुर के आगे चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे पिकअप सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गयी। हादसे में रेलिंग टूटकर शिव के सीने में घुस गयी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे पहले निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसआरएन अस्पताल पहुंचाया। वहां शनिवार दोपहर उसने दम तोड़ दिया।



मृतक शिव सोनकर उर्फ काजू की फाइल फोटो ।

शिव की मौत से पत्नी करिश्मा, बेटी शगुन और छोटे भाई मुकेश का रो-रोकर बुरा हाल है। माता-पिता के निधन के बाद दोनों भाई मिलकर परिवार और कारोबार संभाल रहे थे। बड़े भाई की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शिव के निधन से कोरांव सब्जी मंडी में शोक का माहौल रहा। थोक विक्रेता गुरुदेव ने उसे व्यवहार कुशल और विनम्र स्वभाव का बताया। शनिवार शाम गुरुदेव, रवि मिश्रा, लवकुश मिश्र, आशीष मिश्र, नीरज कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, राकेश केशरी, रमेश केशरी, दीपू केशरी, चंदन कुशवाहा, रमेश प्रजापति और कन्हैया प्रजापति सहित अन्य सब्जी विक्रेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माकी शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।



सीएचसी मेजा का निरीक्षण करते सीएमओ डा. अरुण कुमार तिवारी।

सीएचसी मेजा की पैथोलाजी और शौचालय में मिली गंदगी

सीएमओ ने जतायी नाराजगी

मेजारोड (प्रयागराज)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा में शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. अरुण कुमार तिवारी के अचानक निरीक्षण से स्वास्थ्यकर्मियों में अफरातफरी मच गयी। निरीक्षण के दौरान पैथोलाजी लैब और शौचालय में गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। सीएचसी अधीक्षक डा. राकेश कुमार को साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और मरीजों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

सीएमओ ने प्रसव कक्ष, कंगारू केयर सेंटर, शौचालय, एक्सरे लैब, पैथोलाजी लैब, पुरुष एवं महिला वार्ड और दवा स्टोर का निरीक्षण किया। दवा स्टोर में अतिरिक्त सामान जमा मिलने पर उन्होंने फार्मासिस्ट कमलेश मिश्र से जानकारी लेकर जवाब मांगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न बरतने और अस्पताल की व्यवस्थाएं बेहतर बनाये रखने की हिदायत दी। पैथोलाजी लैब में मौजूद मरीजों से सीएमओ ने पूछा कि रक्त जांच के नाम पर उनसे कोई शुल्क तो नहीं लिया जाता। मरीजों ने बताया कि जांच के लिए उनसे पैसे नहीं लिए जा रहे हैं। मेजा क्षेत्र में बिना लाइसेंस संचालित निजी अस्पतालों के संबंध में उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच करती है। अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कारर्वाई की जाती है। निरीक्षण के दौरान डा. बबलू सोनकर, डा. सुरेश सोनकर, डा. ओंकार, एलटी दीपू त्रिपाठी, बीपीएम सुमन कुशवाहा और कौशलेश पांडेय सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

तीन ट्रकों में जोरदार भिड़न्त, केबिन में फंसा चालक

घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया, दो अन्य चालक सुरक्षित

हंडिया (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के बगहा स्थित पल्ला ढाबे के सामने बीती रात तीन ट्रकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि एक ट्रक का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसके अंदर फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब दो घंटे तक रेस्क्यू आपरेशन चलाकर चालक को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार ट्रक ने पल्ला ढाबे के सामने खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद खड़ा ट्रक आगे बढ़कर सामने मौजूद तीसरे ट्रक से जा भिड़ा। इस तरह तीनों ट्रक हादसे की चपेट में आ गये। हादसे में ट्रक चालक परगट सिंह और जग्गा मसीह सुरक्षित बच गये, जबकि एक ट्रक का चालक क्षतिग्रस्त केबिन में फंस गया। प्रारंभिक जानकारी में दुर्घटना के समय उसके नशे में होने की आशंका जतायी जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सूचना मिलते ही हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू कराया। केबिन में फंसे चालक को बाहर निकालने के लिए पुलिस और बचाव दल को करीब दो घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद चालक को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

जर्जर खाद गोदाम बना हादसों का खतरा

बाहर बैठकर खाद बांटने के लिए मजबूर सचिव

करीब पांच दशक पुरानी इमारत का एक सप्ताह पहले अचानक ढह गया था छज्जा, मरम्मत की मांग के बावजूद विभाग मौन



झूंसी (प्रयागराज)। बहादुरपुर ब्लाक के मलावा खुर्द गांव के ईसीपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे बना करीब पांच दशक पुराना खाद गोदाम अब हादसों को दावत दे रहा है। भवन की जर्जर हालत के कारण सचिव और कर्मचारियों को अंदर बैठने के बजाय बाहर बैठकर किसानों को खाद वितरित करनी पड़ रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक मरम्मत की कोई ठोस पहल नहीं की गयी है।

गुरुवार को फार्मर रजिस्ट्री जमा करने और खाद लेने के लिए सैकड़ों किसान गोदाम पहुंचे। किसानों की भीड़ के बीच सचिव बाहर बैठकर खाद वितरित करते नजर आए। गोदाम की बदहाल स्थिति देखकर किसान भी किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित दिखे। बताया गया कि करीब एक सप्ताह पहले गोदाम का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया था। उस समय गोदाम में चौकीदार और उनकी पत्नी सहित कुछ लोग मौजूद थे। गनीमत रही कि सभी बाल-बाल बच गये और बड़ा हादसा टल गया। किसानों का कहना है कि भवन की हालत लंबे समय से खराब है। समय रहते मरम्मत नहीं कराई गयी तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। किसान विकास, नरेंद्र और सलील सहित अन्य लोगों ने विभागीय अधिकारियों से गोदाम का तत्काल निरीक्षण कराकर मरम्मत कराने अथवा सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि खाद वितरण के दौरान किसानों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

फर्नीचर की दुकानमें आग लगनेके बाद नागरिकोंमें आक्रोश

पार्षदने सौंपा इस्तीफा, व्यापार मंडल ने की जिम्मेदारों पर कारर्वाई की मांग

चाकघाट। नगर में गोलू फर्नीचर दुकान में लगी आग के बाद नगर परिषद की अग्निशमन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गये हैं। आरोप है कि आग लगने के तुरंत बाद नगर परिषद की फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। बताया गया कि फायर ब्रिगेड कई दिनों से खराब पड़ी है। इस दौरान आग की लपटें दुकान से होते हुए घर तक फैल गईं। बाद में त्योंथर नगर परिषद और प्रयागराज जिले की फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

घटना के बाद नगर परिषद की व्यवस्था को लेकर नागरिकों में नाराजगी है। प्रशासनिक लापरवाही से आहत पार्षद मिथिलेश सिंह ने जिला कलेक्टर को अपना इस्तीफा सौंप दिया। व्यापार मंडल चाकघाट की ओर से भी नगर परिषद को ज्ञापन देकर घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की गयी है। व्यापारियों और नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद में लंबे समय से नियमित और स्थायी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) की तैनाती नहीं होने से कामकाज प्रभावित है। आवश्यक सेवाओं में शामिल फायर ब्रिगेड की छोटी-मोटी मरम्मत भी समय पर नहीं कराई गयी। नागरिकों के सहयोग और तत्परता से घर में मौजूद परिवार के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। नागरिकों का कहना है कि चाकघाट को प्रदेश का प्रवेश द्वार कहा जाता है, लेकिन अग्नि सुरक्षा जैसी जरूरी व्यवस्था की स्थिति चिंता का विषय है। जानकारी के अनुसार, मध्य प्रदेश शासन ने नए फायर ब्रिगेड वाहन के लिए राशि मंजूर की है, लेकिन उसकी खरीद की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। लोगों ने जल्द वाहन उपलब्ध कराने और घटना में लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर जवाबदेही तय करने की मांग की है।

यातायात माहमें बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल, व्यवस्थाकी खुली पोल

त्रिवेणीपुरम पुलिस चौकी के पास लंबे समय से शोपीस बने सिग्नल, व्यस्त चौराहे पर हादसे का खतरा



झूंसी (प्रयागराज)। पुलिस विभाग एक ओर नवम्बर माह को यातायात माह के रूप में मनाकर लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रहा है, वहीं दूसरी ओर त्रिवेणीपुरम पुलिस चौकी के समीप लगे ट्रैफिक सिग्नल लंबे समय से बंद पड़े हैं। ऐसे में यातायात माह के दौरान जागरूकता अभियान और जमीनी हकीकत के बीच अंतर साफ दिखायी दे रहा है।

पुलिसकर्मी जगह-जगह अभियान चलाकर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और निर्धारित गति से वाहन चलाने की नसीहत दे रहे हैं। लाउडस्पीकर से भी यातायात नियमों के पालन की अपील की जा रही है, लेकिन महत्वपूर्ण चौराहे पर बंद पड़े सिग्नलों को चालू कराने की ओर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है।

ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से चौराहे से गुजरने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर व्यस्त समय में वाहनों के आमने-सामने आने और जल्दबाजी में निकलने की कोशिश से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल जागरूकता अभियान चलाने से यातायात व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी। इसके लिए सड़कों पर लगे यातायात नियंत्रण उपकरणों का सुचारु संचालन भी जरूरी है। लोगों ने संबंधित विभाग और यातायात पुलिस के अधिकारियों से बंद पड़े सिग्नलों को तत्काल चालू कराने की मांग की है, ताकि यातायात व्यवस्था सुरक्षित और सुचारु हो सके।

होमगार्ड के खाते से साइबर ठगों ने निकाले १.७० लाख रुपये

बैंक जाने पर हुई खाते से रकम निकलने की जानकारी

फाफामऊ (प्रयागराज)। प्रयागराज में एक होमगार्ड के बैंक खाते से साइबर ठगों ने १.७० लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित होमगार्ड ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ फाफामऊ थाने में तहरीर देकर कारर्वाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, झूंसी थाना क्षेत्र के फिरोजपुर हेतापट्टी निवासी राजेंद्र प्रसाद होमगार्ड हैं। करीब ११ महीने पहले उन्होंने मोहनगंज फुलवरिया गोहरी स्थित एक आटो इलेक्ट्रिक एजेंसी से स्कूटी खरीदी थी। उस समय उन्होंने क्रेडिट कार्ड से भुगतान किया था और एजेंसी संचालक को बैंक से संबंधित सभी दस्तावेज भी दिये थे। पीड़ित का आरोप है कि कुछ दिन पहले बैंक जाने पर उन्हें पता चला कि पिछले कई महीनों में दो-तीन बार में उनके खाते से कुल १.७० लाख रुपये निकाल लिए गये हैं। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत कर मामले की जांच और आरोपितों के खिलाफ कारर्वाई की मांग की है।

कुल्हाड़ी से हमला कर दलित युवक को किया घायल

एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

मऊआइमा (प्रयागराज)। पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने एक दलित युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार, मऊआइमा थाना क्षेत्र के बड़ौदा गांव निवासी रामकरन सरोज पुत्र रामलाल सरोज का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी एकराय होकर उससे गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने कुल्हाड़ी से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार देर शाम पीड़ित की तहरीर पर शिवप्रकाश और जयप्रकाश के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने और एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है।

राम जन्मकी लीला देखकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

रामलीला के तीसरे दिन हुआ भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का मंचन, जयकारों से गूंजा पण्डाल

बरगढ़ (चित्रकूट)। कस्बे के बीच बाजार में आयोजित प्रतिष्ठित रामलीला के तीसरे दिन शुक्रवार की रात प्राणनाथ परानू बाबा मंडली की ओर से भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का मंचन किया गया। लीला देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।



मंचन में दिखाया गया कि रावण को वरदान मिलने के बाद उसके अत्याचार बढ़ने लगे थे। इससे चिंतित पृथ्वी माता और देवताओं ने भगवान विष्णु से धर्म की रक्षा की प्रार्थना की। उधर, अयोध्या के राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ के परामर्श पर श्रृंगी ऋषि के मार्गदर्शन में पुत्रेष्टि यज्ञ कराया। यज्ञ से प्रसन्न होकर अग्निदेव प्रकट हुए और राजा दशरथ को दिव्य प्रसाद दिया। इसके फलस्वरूप महारानी कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा के यहां क्रमशः भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य देखकर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाये। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

खरना के साथ छठ व्रतियों ने शुरू किया ३६ घंटे का निर्जला उपवास

गन्ने के रस से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण कर की छठी मइया की पूजा, आज देंगे अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य

मऊआइमा (प्रयागराज)। लोक आस्था के महापर्व डाला छठ पर व्रती महिलाओं ने शनिवार को खरना का अनुष्ठान श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पूरा किया। सुबह स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद महिलाएं दिनभर पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन में लीन रहीं। शाम को स्नान कर नए वस्त्र धारण किए और छठी मइया की पूजा-अर्चना के बाद गन्ने के रस से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही ३६ घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प शुरू हो गया।

आचार्य संजीव त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण करेंगी। इस दौरान घाटों पर कोसी भरने की परंपरा भी निभाई जायेगी। आचार्य ने बताया कि छठ पूजा में गेहूं के आटे, घी और चीनी से तैयार पारंपरिक ठेकुआ का विशेष महत्व है।

इसके साथ नींबू, नारंगी, गन्ना, नारियल, सिंघाड़ा, केला और अमरूद सहित विभिन्न फल छठी मइया को अर्पित किए जाते हैं। उन्होंने व्रती महिलाओं से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ पूरे श्रद्धाभाव से पर्व मनाने की अपील की।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

मऊआइमा (प्रयागराज)। आगामी विधानसभा चुनाव २०२७ की तैयारियों के तहत शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने मऊआइमा थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। इन विद्यालयों में चुनाव के दौरान केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के जवानों को ठहराया जाना है।

एसीपी फूलपुर राजकुमार सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने पुलिस टीम के साथ विद्यालयों में भवन, कमरों, पेयजल, शौचालय, बिजली और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने जवानों के ठहरने की क्षमता के साथ ही आवागमन के रास्तों का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सुरक्षा संबंधी तैयारियां समय से पूरी की जा रही हैं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष नजर रखी जायेगी।

केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के ठहरने की व्यवस्था का लिया जायजा

चार वर्षीय सारा की मौत का रहस्य बरकरार, सीसीटीवी फुटेज से उलझी जांच

पांच दिन बाद भी नहीं हो सका घटना का खुलासा

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। मां के साथ बाजार गयी चार वर्षीय मासूम सारा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का रहस्य पांच दिन बाद भी बरकरार है। पुलिस की जांच में सामने आए सीसीटीवी फुटेज और बच्ची की मां सतूदा खातून के बयानों में अंतर मिलने से मामला उलझता नजर आ रहा है। पुलिस अलग-अलग स्थानों पर लगे कैमरों की रिकार्डिंग का मिलान कर घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, मां जिस स्थान पर बच्ची से बिछड़ने की बात बता रही है, उसके आसपास के सीसीटीवी फुटेज में सारा मां का हाथ पकड़कर जेठवारा रोड की ओर जाती दिखाई दे रही है। इस फुटेज के सामने आने के बाद पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बच्ची कब और कहां मां से अलग हुई। पूछताछ के दौरान मां के बयानों में बदलाव की बात भी सामने आई है। पुलिस ने मृतका के माता-पिता से पूछताछ की है। गौरतलब है कि दानियालपुर निवासी जफर आदिल खान की चार वर्षीय बेटी सारा दिवाली की शाम मां के साथ बाजार गयी थी। इसी दौरान उसके लापता होने की बात सामने आई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। अगले दिन नगर पंचायत कार्यालय के पीछे स्थित तालाब में बच्ची का शव मिला था। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी थी। पुलिस जेठवारा मार्ग, कस्बे के बाजार और तालाब के आसपास लगे ३० से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चुकी है। पांच दिन की जांच और पूछताछ के बाद भी घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। चौकी प्रभारी विनीत मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की तह तक पहुंच चुकी है और जल्द ही इसका खुलासा किया जायेगा।

मेजा की ११ सहकारी समितियों पर डीएपी खाद खत्म, किसान परेशान

रबी की बोआई प्रभावित, निजी दुकानों पर १५०० से १६०० रुपये में मिल रही बोरी

मेजारोड (प्रयागराज)। रबी फसलों की बोआई शुरू होते ही मेजा ब्लाक में डीएपी खाद का संकट गहरा गया है। क्षेत्र की सभी ११ साधन सहकारी समितियों पर डीएपी उपलब्ध नहीं है। इससे आलू, मटर, चना, सरसों और गेहूं की बोआई प्रभावित हो रही है। खाद के लिए किसान सुबह से समितियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

क्षेत्र की कई समितियों पर ताला लटक रहा है, जबकि कुछ समितियों पर पहुंचने वाले किसानों को कर्मचारी खाद की नई खेप नहीं आने की जानकारी देकर वापस भेज रहे हैं। बोआई का समय होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गयी है। उनका कहना है कि समय पर खाद नहीं मिली तो बोआई में देरी के साथ फसलों के उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। किसानों का आरोप है कि सरकारी समितियों पर डीएपी नहीं मिलने का फायदा निजी दुकानदार उठा रहे हैं। सरकारी दर पर डीएपी की एक बोरी १,३८० रुपये में मिलती है, जबकि निजी दुकानों पर यही बोरी १,५०० से १,६०० रुपये तक में बेची जा रही है। मजबूरी में अधिक कीमत चुकाने से छोटे और सीमांत किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इस संबंध में एडीओ सहकारिता सच्चिदानंद दुबे ने बताया कि अगले सप्ताह डीएपी की नयी खेप आने की उम्मीद है। फिलहाल किसानों को एनएपी खाद उपलब्ध करायी जा रही है।

नवजात की मौत के बाद १५ हजार रुपये में समझौता कराने का आरोप

पिता ने झोलाछाप डाक्टर के इलाज पर उठाए सवाल, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान

करछना। क्षेत्र में संचालित निजी क्लीनिक में दो दिन के नवजात की मौत के बाद पुलिस पर कारर्वाई के बजाय दोनों पक्षों के बीच १५ हजार रुपये में समझौता कराने का आरोप लगा है। नवजात के पिता ने कथित चिकित्सकीय लापरवाही की शिकायत पुलिस से की थी।

मामला सामने आने के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। कौंधियारा थाना क्षेत्र के सोढ़िया गांव निवासी श्रवण कुमार के मुताबिक, तीन दिन पहले उन्होंने अपनी पत्नी को प्रसव के लिए अकोढ़ा क्षेत्र में एक सेवानिवृत्त एएनएम के अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां पत्नी ने बेटे को जन्म दिया। नवजात की तबीयत बिगड़ने पर उसे करछना थाना क्षेत्र के पनवरिया केशवपुर गांव स्थित एक निजी क्लीनिक में रिफर किया गया। आरोप है कि क्लीनिक में कथित झोलाछाप डाक्टर ने नवजात को दो दिन तक भर्ती रखकर इलाज किया। शनिवार की भोर में उसकी मौत हो गई।

मासूम की मौत के बाद पिता ने करछना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की और सोशल मीडिया पर भी मामला उठाया। आरोप है कि कस्बा चौकी पर तैनात दरोगा ने दोनों पक्षों को बुलाकर नवजात के पिता को १५ हजार रुपये दिलवाए और समझौता करा दिया।

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि मामले में चिकित्सकीय लापरवाही और क्लीनिक की वैधता की जांच कराने के बजाय समझौता क्यों कराया गया। थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है। प्रार्थना पत्र मिलने पर कारर्वाई की जायेगी।

वहीं, क्षेत्र में बिना आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता और पंजीकरण के निजी अस्पताल व क्लीनिक संचालित होने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं।

स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से ऐसे संस्थानों की जांच कर आवश्यक कारर्वाई की मांग की है।

छठ व्रत की तैयारियां तेज, नदी-तालाबों और पोखरों पर बनने लगीं वेदियां

व्रतियों ने शुरू की साफ-सफाई और पूजन सामग्री जुटाने की तैयारी



खीरी (प्रयागराज)। क्षेत्र में छठ महापर्व की तैयारियां तेज हो गयी हैं। शनिवार को छठ पूजा के लिए निर्धारित नदी, तालाब, नहर और पोखरों की साफ-सफाई कराकर वेदियां बनाई गईं। जिन घरों में छठ व्रत का आयोजन होना है, वहां भी साफ-सफाई और विशेष अनुशासन का ध्यान रखा जा रहा है।

छठ व्रत में शुद्धता और सादगी का विशेष महत्व है। पूजा में केला, नारियल, मौसमी, अमरूद, नींबू, सिंघाड़ा, गन्ना और पांच प्रकार के फल सहित अन्य प्राकृतिक सामग्री चढ़ाई जाती है। इसके अलावा शुद्ध देसी घी से बने ठेकुआ और आटे के लड्डू प्रसाद के रूप में तैयार किए जाते हैं। पहले दिन खरना के अवसर पर व्रती खीर और रोटी ग्रहण करते हैं, जिसके बाद प्रसाद आसपास के लोगों में वितरित किया जाता है।

पहले अर्घ्य के दिन व्रती महिलाएं फल और पूजन सामग्री से सजे दउरे लेकर नदी, तालाब या पोखरों के किनारे पहुंचती हैं। सूर्यास्त के समय दीप जलाकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। व्रती इस विश्वास के साथ पूजा करती हैं कि सूर्य के अस्त होने के बाद अगले दिन फिर उनका उदय होगा। यह पर्व बिहार के तराई क्षेत्र के साथ उत्तर प्रदेश के कई जिलों और नेपाल में भी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। अब छठ पूजा का विस्तार देश-विदेश तक हो चुका है। प्रकृति और जल स्रोतों से जुड़ा यह पर्व स्वच्छता, सादगी और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है, जिसमें प्लास्टिक और बनावटी वस्तुओं के बजाय प्राकृतिक सामग्री के उपयोग पर जोर दिया जाता है।

सलमान किराना हजियाना ने जीता उद्घाटन मैच

शाहनवाज बने मैन आफ द मैच

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा की नई बस्ती स्थित धनिया मस्जिद के मैदान में शुक्रवार से एनबी नाइट हाफ ग्राउंड क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबला सलमान किराना हजियाना और पावरलूम कोर्ट की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में सलमान किराना हजियाना की टीम ने तीन गेंद शेष रहते जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया।

टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पावरलूम कोर्ट की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में ४२ रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सलमान किराना हजियाना की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। शानदार प्रदर्शन के लिए शाहनवाज को मैन आफ द मैच चुना गया।



इससे पहले सभासद कौसर ग्यास ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोहसिन लाइट हाउस, फैजान बाबा, मास्टर बेलाल अहमद, मकसूद दर्द और सबीउद्दीन सहित कई लोग मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पहुंचे खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३८०)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।